RNI NO. DELHIN/2013/50275

नई दृष्टिकोण नई सोच

मैथिली प्रसंग
MAITHILI PRASANG

सोमवार, 22 अप्रैल, 2024, वर्ष : 10, अंक : 05, पृष्ठ : 06, मूल्य :1.00 रुपये

नई दिल्ली

दिल्ली | मुम्बई | पटना | चंडीगढ़ | जयपुर | लखनऊ | भोपाल | रांची | देहरादून



वैश्विक युद्धों के बीच हमारे तीर्थंकरों की शिक्षाएँ प्रासंगिक : प्रधानमंत्री

भगवान महावीर के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता दशार्ती है कि देश सही दिशा में जा रहा

विनय कुमार

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के समय में भगवान महावीर के मूल्यों के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता दशार्ती है कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम 2500 वर्षों के बाद भी भगवान महावीर का निर्वाण दिवस मना रहे हैं और देश आने वाले हजारों वर्षों तक भगवान महावीर के मूल्यों का उत्सव मनाता रहेगा। दुनिया में जारी कई युद्धों के बीच हमारे तीर्थंकरों की शिक्षाओं ने एक नई प्रासंगिकता हासिल की है। उन्हीं की शिक्षाओं पर चलते हुए आज भारत विभाजित दुनिया में ह्यविश्व बंधुह्ल के रूप में अपनी जगह बना रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सब तो जानते हैं, चुनाव की इस भागदौड़ के बीच, इस तरह के पुण्य कार्यक्रम में आना मन को बहुत ही शान्ति देने वाला है। प्रमुख दिगम्बर जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर मुझे महान मार्गदर्शक समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का स्मरण होना स्वाभाविक है। पिछले ही वर्ष छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी मंदिर में मुझे उनका सान्निध्य मिला था। उनका भौतिक शरीर भले ही हमारे बीच नहीं है, लेकिन, उनके आशीर्वाद जरूर हमारे साथ हैं। मोदी ने कहा कि भगवान महावीर का ये दो हजार पांच सौ पचासवां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्षों का एक दुर्लभ अवसर है। ये वो समय है जब भारत अमृतकाल के शुरूआती दौर में है। देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने के लिए काम कर रहा है। इस साल हमारे संविधान को भी 75 वर्ष होने जा रहे हैं। इसी समय देश में एक बड़ा लोकतान्त्रिक उत्सव भी चल रहा है। देश का विश्वास है यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वैश्विक संघर्षों के बीच देश युद्ध-रत हो रहे हैं। ऐसे में, हमारे तीर्थंकरों की शिक्षाएं और भी महत्वपूर्ण हो गईं हैं। उन्होंने मानवता को वाद-विवाद से बचाने के लिए अनेकांतवाद और स्वादवाद जैसे दर्शन दिये हैं। अनेकांतवाद अर्थात, एक विषय के अनेक पहलुओं को समझना। दूसरों के दृष्टिकोण को भी देखने और स्वीकारने की उदारता वाला। आस्था की ऐसी मुक्त व्याख्या, यही तो भारत की विशेषता है। और यही भारत का मानवता को संदेश है। आज हम सत्य और अहिंसा जैसे व्रतों को वैश्विक मंचों पर पूरे आत्मविश्वास से रखते हैं। हम दुनिया को ये बताते हैं कि वैश्विक संकटों और संघर्षों का समाधान भारत की प्राचीन संस्कृति में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जैन धर्म का अर्थ ही है, जिन का मार्ग, यानी, जीतने वाले का मार्ग। हम कभी दूसरे देशों को जीतने के लिए आक्रमण करने नहीं आए। हमने स्वयं में सुधार करके अपनी कमियों पर विजय पाई है। इसीलिए, मुश्किल से मुश्किल दौर आए, लेकिन हर दौर में कोई न कोई ऋषि, मनीषी हमारे मार्गदर्शन के लिए प्रकट हुए। बड़ी-बड़ी सभ्यताएं नष्ट हो गईं, लेकिन, भारत ने अपना रास्ता खोज ही लिया। उन्होंने कहा कि संसद के नए भवन में प्रवेश से पहले मैं ह्यमिच्छामी दुक्कड़मह्ल कहकर अपने इन मूल्यों को याद करता हूँ। भारत के लिए आधुनिकता शरीर है, आध्यात्मिकता उसकी आत्मा है। अगर आधुनिकता से अध्यात्मिकता को निकाल दिया जाता है, तो अराजकता का जन्म होता है। और आचरण में अगर त्याग नहीं है, तो बड़े से बड़ा विचार भी विसंगति बन जाता है। यही दृष्टि भगवान महावीर ने हमें सदियों पहले दी थी। समाज में इन मूल्यों को पुनर्जीवित करना आज समय की मांग है। केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भगवान महावीर के मूल सिद्धांत जियो और जीने दो का विशेष महत्व है।

कांग्रेस ने बच्चों के हाथों में थमाया तमंचा: योगी

मैथिली प्रसंग ब्यूरो/
बलवान सिंह

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, राजनांदगांव। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को छत्तीसगढ़ में अपने तेवर में रहे। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में कमल के फूल के लिए समर्थन मांगने पहुंचे योगी आदित्यनाथ का जनमानस ने जोरदार स्वागत किया। 'योगी-योगी' के नारों से छत्तीसगढ़ की रैली गूंज उठी। यहां बुलडोजर बाबा को जनमानस ने सिर आंखों पर बैठाया। सीएम योगी ने एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ के आध्यात्मिक संबंधों की चर्चा की तो वहीं कांग्रेस को खूब धोया। राजनांदगांव लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय के पक्ष में जनसभा की तो इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बखिया उधेड़ दी।

घोटाले, आतंकवाद व नक्सलवाद का नाम है कांग्रेस

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस घोटाले, आतंकवाद, नक्सलवाद का नाम है। जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। कांग्रेस शासन के समय यहां लव जेहाद की घटनाओं को छूट दे दी गई थी। सामान्य नागरिक भुवनेश्वर साहू के साथ हुई घटना कोई भूला नहीं है। छत्तीसगढ़ की जनता का अभिवादन करता हूं कि उनके पिता ईश्वर साहू को विधायक बनाकर भुवनेश्वर की स्मृतियों को जीवंत बनाने का कार्य किया है। भुवनेश्वर ने लव जेहाद और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का विरोध करते हुए अपना बलिदान दे दिया था।

शराब व कोयला घोटाला कांग्रेस की प्रवृत्ति, लेकिन भूपेश बघेल ने गोबर घोटाला भी कर डाला

सीएम योगी ने कहा कि इस सीट पर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाया है। उनके ऊपर पहले से शराब, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन, महादेव ऐप आदि के घोटाले का आरोप और एफआईआर हो, वह व्यक्ति ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहा है। वह मानकर चलता है कि कितना भी बड़ा अपराध करेंगे और समाज की आंखों में धूल झोंककर सत्ता हथिया लेंगे। वे यह जान लें कि नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे। शराब व कोयला घोटाला कांग्रेस की प्रवृत्ति थी लेकिन भूपेश बघेल ने गोबर घोटाला भी कर डाला। गोमाता को तस्करों- कसाइयों के हवाले कर दिया गया था।

कांग्रेस को जब भी अवसर मिला, छत्तीसगढ़ को खूब लूटा

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस को जब भी अवसर मिला, उन्होंने छत्तीसगढ़ को लूटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा। गरीबों, पिछड़ों, वनवासियों-आदिवासियों के उत्थान के लिए श्रद्धेय अटल जी व पीएम मोदी के नेतृत्व में बनी योजनाओं को रमन सिंह-विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों ने लागू किया तो कांग्रेस ने पांच वर्ष के कुशासन में इसे समाप्त करने का प्रयास किया। छत्तीसगढ़ हजारों वर्षों से विरासत का संरक्षण करती आ रही है। सरकारों ने उपेक्षा की होगी। लोगों ने तमाम प्रकार के गलत तरीके से छवि को प्रस्तुत करने का प्रयास किया होगा, लेकिन केंद्र में अटल जी-मोदी जी व प्रदेश की भाजपा सरकार मजबूती के साथ छत्तीसगढ़ को पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देती है।

गांधी के नाम पर सत्ता हथियाने वालों ने राम व भारत के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया

सीएम योगी ने कहा कि जब रायपुर में राम जी का मंदिर बन रहा था, तब रमन सिंह यहां के सीएम थे। उस समय उन्होंने कहा था कि हम पहले ही छत्तीसगढ़ में भगवान राम का मंदिर बना रहे हैं। मैंने कहा कि बालक पहले ननिहाल ही आता है। जब छत्तीसगढ़ में रामलला आ जाएंगे तो अयोध्या में भी मंदिर बनने से कोई रोक नहीं पाएगा। पीएम मोदी के कारण राम मंदिर बन सका। कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं। गांधी जी 'रघुपति राघव-राजा राम' कहते थे, उनके अंतिम शब्द 'हे राम' थे। जिन लोगों ने गांधी के नाम पर जीवन भर सत्ता हथियाई, उन लोगों ने राम और भारत के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करने की कुत्सित चेष्टा की।

योगी ने गिनाया भाजपा व कांग्रेस का अंतर

सीएम योगी ने कहा कि डॉ. रमन सिंह की सरकार ने एक रुपये किलो चावल गरीबों, आदिवासियों को दिया तो मोदी सरकार चार वर्ष से 80 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन की सुविधा दे रही है। 50 करोड़ गरीबों के जनधन अकाउंट खोलकर मोदी जी ने कांग्रेसियों की कमीशनखोरी पर रोक लगा दी। मोदी सरकार ने चार करोड़ मकान बनवाए, उप्र में 56 लाख गरीबों के मकान बने, लेकिन भूपेश बघेल सरकार ने 18 लाख गरीबों को मकानों से वंचित किया था।

जो जैसा कर्म करता है वैसा फल मिलता है: आचार्य श्री समयसागर जी महाराज

के.डी जैन



मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दामोह। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कर्मों का आश्रय जो हो रहा है उसको रोकना है उसका निरोध करना है और निरोध करने के लिए विभिन्न प्रकार के साधन आगम के माध्यम से उपलब्ध हो सकते हैं ।उसमें एक अनुप्रेक्षा को प्राथमिकता देते हुए कल विषय रखा था इस विषय को जो गुरुदेव ने समय-समय पर जो दिया है उसी को समय-समय पर हम स्मरण में लाने का पुरुषार्थ कर रहे हैं। उन्होंने एक बार में नहीं कई बार प्रसंग पढ़ाया है कि चिंतन जो होता है वह पर्याय का भी विषय बनाकर चिंतन होता है और पर्याय को भी विषय बनाकर किया जा सकता है । बहुत अनोखी बात उन्होंने यह कही है कि द्रव्य का चिंतन करने से भीती समाप्त होती है और पर्याय का चिंतन करने से वैराग उत्पन्न होता है ।आप क्या चाहते हैं भीती से ऊपर उठना चाहते हैं तो आप किसका सहारा लेते हैं समझने के लिए सामने व्याग्र आ गया अथवा बहुत बड़ा विशाल अजगर जिसको बोलते अगर इस सभा में अजगर आ जाए तो निश्चित रूप से भय की उदीयता होगी । ध्यान देने की बात यह है कि हम या आप व्याग्र से डरते सर्पादिक से डरते है क्यों डरते हैं सत्य यह है हमें मृत्यु से भीती होने के कारण उस व्याघ्र या क्रूर स्वभाव वाले तिर्यंच होते उनसे बचाने का पुरुषार्थ करते ।जिसे मृत्यु का भय नहीं है तो सामने भी बैठे पीछे भी बैठे आगे बैठे उसके बीच में वह बैठेंगे और द्रव्य का चिंतन करेंगे सोचो विचार जो गुरुदेव चिंतन करते हैं हम और आप भी चिंतन करते प्रयोग चिंतन करो भीती समाप्त होगी । दोहा लिखा है ।अंत किसी का कब हुआ अनंत सभी संत, पर सब मिटता सा लगा पतझड़ पुनः बसंत । पदार्थ की ना उत्पत्ति होती ना पदार्थ का विनाश होता है भय से ऊपर उठना चाहो तो द्रव्य का चिंतन करो स्वभाव का चिंतन करो ।स्वभाव का अर्थ प्रत्येक पदार्थ का अपना अपना स्वभाव है उसका चिंतन करो तो आकर्षक विकर्षण समाप्त होगा। भीती उत्पन्न नहीं होगी ।सात प्रकार के भय हैं । आचार्य महाराज पढ़ा रहे थे पूछा कितने प्रकार के भय होते हैं एक महाराज ने कहा आठ प्रकार के भय होते हैं । आचार्य महाराज ने कहा हमने पढ़ाया है सात प्रकार के भय होते सबको ज्ञात है सात प्रकार के भय होते हैं आठवां वह जो आपको डर भीती उत्पन्न होती है । गुरुदेव ने कहा मुझसे क्यों डरते हो तुम पाप से डरो पाप भीरु होना चाहिए। श्रमण के लिए संसारी प्राणी नरक जाने से डरता है किंतु नरक में कारण भूत जो सामग्री होती उससे बचना चाहता है । सन 87 की बात है आचार्य महाराज का चातुर्मास थोवन जी में हुआ संघ के साथ हुआ । उस समय अपराह्न बेला में आचार्य भक्ति संपन्न हुई और मेरे पास एक सज्जन आए उन्होंने हाथ जोड़कर निवेदन किया मुझे डर लगता है । किससे डर लगता है महाराज स्वाध्याय करने से हमें डर लगता है । क्यों इस प्रकार के परिणाम करने से तिर्यंच आयु का बंध होता है ।इस प्रकार के परिणाम करने से अनेक प्रकार के कर्मों का बंध होता है ।यह चर्चा आगम में मिलती है इसलिए मुझे डर लगता है नर्क जाने से क्यों डरते हो नरक जाने के जो कारण है उनसे बचो तो भगवान मेरा भविष्य कैसा रहेगा एक प्रसंग और स्मरण में आ रहा महाराज हमने सुना है अनेक व्यक्तियों के मुख से हमने सुना है महाराज आप भविष्य जानते हैं । मान लो एक व्यक्ति चोरी कर रहा है तो उसका भविष्य जेल होगा ।यह पक्की बात है जो जैसा कर्म करता है निश्चित रूप से वैसा फल मिलता है । आगम के अनुरूप में बात कर रहा हूं गुरुदेव ने जो बात आगम के अनुरूप रखी है वही मैं बात कर रहा हूं परिणामों के आश्रित ही भविष्य होगा।

सुनिधि पटेल पुत्तरी संजय ने कक्षा 12वीं में 84 .04 प्रतिशत अंक लाकर बनाया कीर्तिमान

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, रायबरेली (राम अनुज वर्मा)। श्रीमती रामदुलारी तालुकेदारिया इंटर कॉलेज -सैंहगो जनपद- रायबरेली की छात्रा ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालय की परीक्षा में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। विगत कई वर्षों से चला आ? रहा लेकिन कुमार आज तक किसी छात्र ने तोड़ नहीं पाया ।लेकिन यहां की छात्राओं ने अपनी योग्यता के बल पर सुदूर ग्रामीणअंचल में बसे इस विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस विद्यालय केआधार सिला 1952 में रखी गई थी । जो आज नए आयाम लिख रहा है। यहां की प्रिंसिपल श्रीमती आशा पटेल के कुशल नेतृत्व में एवं श्री अमर सिंह चौधरी प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हिमांशु वर्मा एवं दीपशिखा वर्मा। हाई स्कूल की परीक्षा में आयुषी पटेल-90.50 प्रतिशत, हिमांशी पटेल, नितिन चौरसिया पुत्री वीरेंद्र चौरसिया को प्राध्यापिका श्रीमती आशा चौधरी के द्वारा सम्मानित किया गया। वह बच्चों को सम्मान किया गया। सम्मानित समारोह में विद्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कंधे से कंधा मिलाकर महासभा भाजपा के साथ खड़ी है: ध्रुव कुमार सिंह

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)। ग्राम पंचायत सदस्य महासभा उत्तर प्रदेश के मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह की अगुवाई में रविवार सुबह महासभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने बाराबंकी की भाजपा उम्मीदवार राजरानी रावत के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंटकर उनके चुनाव में पूर्ण रूप से सहयोग का आश्वासन दिया। संगठन के मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि बाराबंकी सहित समूचे प्रदेश में पंचायत महासभा का एक-एक सदस्य भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग दे रहा है। तो वहीं राजरानी रावत ने महासभा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सदस्यों का संगठन सदैव ग्राम पंचायतों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है जो कि सराहनीय है। इस अवसर पर महासभा प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह सरल,बाराबंकी युवा जिला अध्यक्ष अजमत अली,राजकरण रावत, मोहम्मद सादाब, विनय वर्मा संगठन सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

भक्तों की भक्तों की मुरादे पूरी करते भगड्डा बाबा

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)। रामनगर तहसील क्षेत्र के ब्लाक सूरतगंज में सिमली नदी के किनारे इब्राहिमपुर जैतपुर रोड पर स्थित भगड्डा बाबा का स्थान लोगों की मनोकामनाओं को पूर्ण करता है। भगड्डा बाबा के प्रधान अर्चक पं. ललित प्रसाद शास्त्री ने इसके इतिहास के बारे में बताया कि यह स्थान हजारों वर्ष पुराना है, पूर्व में लगे पीपल पेड़ की डाल कुछ लोग काटने लगे तो उस डाल से रक्त निकलने लगा तथा डाल काटने वाले लोग मूर्छित हो गए, ठाढेश्वरी बाबा की प्रार्थना एवं क्षमा याचना पर भगड्डा बाबा की कृपा से लकड़ी काटने वाले लोग होश में आए। तब से इस स्थान पर लोगों की श्रद्धा जुड़ने लगी और आज भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ रही है। प्रत्येक वर्ष की बैशाख व ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को यहां पर मेला लगता है तथा भव्य भंडारे का आयोजन भी होता है। श्रद्धालुओं के सहयोग से इस स्थान पर भव्य शनि देव मंदिर भी निमार्णाधीन है। प्रधान पुजारी लालता प्रसाद शास्त्री ने बताया कि जो व्यक्ति सच्चे मन से भगड्डा बाबा से अपनी प्रार्थना करता है उसकी मुरादें अवश्य पूरी होती है।

पी एस मेमोरियल एकेडमी का विधि विधान के साथ पूंजा अर्मना कर विद्यालय का शुभारम्भ

मैथिली प्रसंग संवाददाता, बाराबंकी (दीपक कुमार मिश्रा)। नव निर्मित एल पी एस मेमोरियल एकेडमी कोटवाधाम भवन में विधि विधान के साथ रामायण पाठ एंव विधि विधान के साथ पूंजा अर्चना कर विद्यालय का शुभारम्भ किया। एल पी एस मेमोरियल एकेडमी के संरक्षक अवधेश शुक्ला ने क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों के साथ विधि विधान के साथ नव निर्मित भवन में राम चरित मानस पाठ का आयोजन के पश्चात प्रोफेसर जयप्रकाश पान्डेय कुलपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के द्वारा लोकार्पण कर विद्यालय 2024/25 नर्सरी से इन्टर मीडीएट सी बी एस सी बोर्ड का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर अभिनव शुक्ला पंकज शुक्ला, डा0अर्चना त्रिपाठी खुर्शीद अली डाक्टर दिनेश यादव जिला उपाध्यक्ष उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ, शेषनरायन तिवारी, प्रेमनारायण वर्मा, सुरेश तिवारी,विजय कृष्ण यादव बहोरी प्रसाद शुक्ल बेचन लाल दीक्षित दुर्गेश कुमार दीक्षित केदारनाथ वर्मा रामलखन अवस्थी कुलदीप सिंह केदारनाथ गुप्ता ललित चतुर्वेदी डॉ ओ पी राव पंकज तिवारी डॉ धनंजय राय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बूथ सुपर वाइजरों की बैठक

मैथिली प्रसंग संवाददाता, बाराबंकी (दीपक कुमार मिश्रा)। तहसील सिरौलीगौसपुर के पारिजात सभागार में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बूथ सुपर वाइजरों की बैठक हुई।बैठक में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय व श्वेताब नायब तहसीलदार ने बैठक में उपस्थित बूथ सुपर वाइजरों से बूथों पर चर्चा किया एंव तहसील क्षेत्र के दरियाबाद विधान सभा क्षेत्र के टिकैतनगर, में दो सैदखानपुर सहित कुल तीन तथा रामनगर विधान सभा क्षेत्र के धुसेडिया, मरकामऊ, तथा सआदतगंज तीन कुल 6 माडल बूथों को सुन्दर एंव सुसज्जित बनाने पर चर्चा की गई।माडल बूथों के बाबत उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी ने बताया है कि माडल बूथों पर गुब्बारे, मैटी वोट पडने वाले रुम व परिसर सुसज्जित छाया के लिए आवश्यकता अनुसार सायमेना,पानी तथा आने जाने का स्वच्छ रास्ता आदि साज सज्जा से माडल बूथों को सुसज्जित बनाने का दायित्व राजस्व निरीक्षक व सम्बंधित लेखपालों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार, अजय रावत, सन्दीप कुमार वर्मा, अश्वनी कुमार आदि सुपर वाइजर मौजूद रहे।

मेधावी छात्र छात्राओं ने किया नाम रोशन जिले में लहराया परमम

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)। बाराबंकी यूपी बोर्ड परीक्षा में बाराबंकी के कुल 36 छात्र छात्राओं ने यूपी टॉप टेन की लिस्ट में जगह बनाई है। परीक्षा में टॉप छात्रों ने आईएएस, डॉक्टर, इंजीनियर बन कर देश की सेवा करने की इच्छा जताई है। सफलता के बाद टापर्स के स्कूलों और घरों में खुशी का माहौल है। गौरतलब हो कि उत्तर प्रदेश के जनपद बाराबंकी में यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में कुल 36 छात्रझछात्राओं ने यूपी टॉप टेन में जगह बनाई है। सभी सफल छात्रझछात्राएं डाक्टर, इंजीनियर और आईएएस बन कर देश में लोगों की सेवा करने की इच्छा जताई है। जिले के विभिन्न स्कूलों से हाईस्कूल परीक्षा में 9 और इंटरमीडिएट परीक्षा में 27 बच्चे यूपी टॉप टेन की सूची में शामिल हुए हैं। जिसमें से जैदपुर कस्बे में श्री साईं इंटर कालेज की दसवीं कक्षा की छात्रा नाइला उबैद ने प्रदेश में 5 वीं रैंक लाकर 97.67 प्रतिशत अंक हासिल किया है। मध्यम परिवार से ताल्लुक रखने वाली नाइला उबैद एमबीबीएस के बाद डॉक्टर बन कर लोगों की सेवा करना चाहती हैं।रानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज में दसवीं कक्षा की छात्रा तफसीर फातिमा प्रदेश में 8 वीं रैंक और 97.17 प्रतिशत अंक हासिल किया है।सैदनपुर के श्रीसुंदर लाल इंटर कालेज के शुभ वर्मा ने भी 8 वीं रैंक और 97.17 प्रतिशत अंक हासिल किया है।तफसीर फातिमा गरीबों के इलाज निशुल्क करने के लिए डाक्टर बनने का सपना हैं।दनियालपुर गांव की रहने वाली अर्पिता जायसवाल आरएलबी इंटर कालजे की दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक पाकर यूपी में 9 वीं रैंक हासिल की है। अर्पिता जायसवाल ने बताया कि वो आईआईटी से इंजीनियरिंग करना चाहती हूं, बचपन में ही पिता के निधन होने से आर्थिक समस्याओं में बड़ी बहन के सहयोग से पढ़ाई कर रही हूं। सूरतगंज के बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र ऋषि सोनी ने हाई स्कूल में 97.33% अंक हासिल कर अपना परचम लहराया है। वह प्रदेश में सातवां और जिले में दूसरा स्थान पाकर गदगद हैं। सूरतगंज निवासी ऋषि सोनी के पिता गौतम सोनी व्यापारी माता वैजवंती ग्रहणी हैं। बेटे की सफलता से वह काफी खुश हैं। ऋषि ने बताया कि उसका इंजीनियरिंग करने का सपना है। बीआरजी की ही छात्र खुशी पांडेय हाई स्कूल की परीक्षा में प्रदेश में 9 वां और जिले में चौथा स्थान हासिल कर मान बढ़ाया है।9 वीं रैंक लाने वाले अर्पिता जायसवाल, युवराज वर्मा, खुशी पांडे 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी तरह 10 वीं रैंक में काव्या शुक्ला और कीर्ति मौर्य ने संयुक्त रूप से 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। जिन्होंने आईएएस बनने की इच्छा जताई है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में सेठ जगदेव मेमोरियल सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज की 10वीं कक्षा की छात्रा शिवांशी वर्मा ने 96% अंक हासिल किया है। जिले के विभिन्न स्कूलों से हाईस्कूल की परीक्षा में 9 और इंटरमीडिएट परीक्षा में 27 छात्रझछात्राओं ने यूपी टॉप टेन की सूची में नाम ला कर जिले और प्रदेश में परचम लहराया है।

मुनाव प्रशिक्षण के पहले दिन ही गैर हाजिर रहे मतदान कर्ममारी, जिलाधिकारी ने सख्त तेवर दिखाते हुए दर्ज करवा दी एफआईआर

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)। जिले में 20 मई को होने वाले मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 7200 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाना है। इसके लिए 19 अप्रैल से 24 अप्रैल तक जीआईसी ऑडिटोरियम में प्रतिदिन 1200 कर्मचारियों को चुनाव की ट्रेनिंग दी जानी है। इसी क्रम में शुक्रवार को शुरू हुए पहले दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 कर्मचारी नदारद रहे। मामले को गम्भीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने गैरहाजिर मतदान कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। आप सभी लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें और चुनाव आयोग के दिशा निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिकों की अहम भूमिका होती है। मतदान के दौरान कोई भी ऐसा कार्य या आचरण ना करें , जिससे आपकी सत्यनिष्ठा पर उंगली उठ सके। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अ० सुदन ने निर्वाचन आयोग के निदेशों के बारे में पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सभी मतदान कार्मिक एकजुट होकर पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही ना बरती जाए, इसका सभी लोग खास ध्यान रखें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया को बारीकी से समझने के लिए एक नाटक भी दिखाया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदाता अधिकारी द्वितीय और मतदान अधिकारी तृतीय की भूमिका को प्रदर्शित किया गया। शुक्रवार को शुरू हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुबह की पाली में 600 और शाम की पाली में भी 600 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था। लेकिन प्रथम पाली में विभिन्न विभागों के 24 कर्मचारी गैरहाजिर रहे। वहीं, द्वितीय पाली में भी 16 कर्मचारी गैरहाजिर थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में गैर हाजिर मतदान कार्मिकों के विरुद्ध सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आशीष पाठक द्वारा पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ पर पोलिंग एजेंट की तैनाती, मतदान के लिए ईवीएम तैयार कर सील करने, पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल के बाद निर्धारित समय पर मतदान शुरू कराने के अलावा मतदान से संबंधित अन्य जरूरी प्रक्रिया एवं अभिलेखों को भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान कार्मिकों की समस्यायों का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक, ओपी त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

ठेला लगाए खड़े अधेड़ व्यक्ति को बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर , इलाज के दौरान हुई मौत

मैथिली प्रसंग संवाददाता, बाराबंकी (दीपक कुमार मिश्रा)। जैदपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कडेरा मजरे शाहपुर निवासी बब्लू पुत्र ओमप्रकाश ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे पिता 29 जनवरी को इंधौलिया नहर पुल के पास ठेले पर परचून का सामान लगाए खड़े थे , समय करीब 3 बजे एक मोटरसाइकिल सवार जिसका नम्बर UP41AJ4188 था चालक द्वारा ला परवाही पूर्वक तेजगति से बाइक चलाते हुए गलत दिशा में आकर मेरे पिता को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मेरे पिता वही गिर गए और सिर में गंभीर चोट लगने से लहू निकलने लगा । स्थानीय लोगो द्वारा 108 एम्बुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल ले जाया गया और इलाज चलने लगा करीब ढाई महीने तक इलाज चलने के बाद दिनांक 18 अप्रैल को इलाज के दौरान उनकी मौत ही गई । जिसकी सूचना दुखित बब्लू ने थाना जैदपुर देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है ।

नगर में महावीर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई, शहर में बाईक रैली निकाली

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)। रविवार को नगर में महावीर जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। महावीर जयंती उपलक्ष्य पर जैन मंदिर में जैन समाज के लोगों द्वारा पूजा-अर्चना कि। समाज के लोगों ने शहर के मुख्य मार्गों से गाजे-बाजे के साथ भगवान महावीर की शोभा यात्रा व वाहन रैली निकाली गई। शोभा यात्रा में दर्शन के लिए सड़क के किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं यात्रा में लोगों को जगह-जगह पर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा जैन समाज के लोगों ने चढ़कर हिस्सा लिया। भगवान महावीर का कहना था कि दूसरों के बल पर में अपनी कमरें से मुक्ति नहीं हो सकता। मेरा किसी से बैर नहीं है,मैं संसार को दैहिक,वैविक और भौतिक संतापों से ज्ञान देने के लिए मुनी बना हूं। महावीर ने जियो और जीने दो का उद्घोष किया।

दो बाइक भिड़ी, एक की मौत

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)। ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडी बमौरा रोड पर दो बाईकों की टक्कर हों गई, जिसमें दोनो बाइक सवार घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार बाईक सवार ब्रजमोहन कुर्मी निवासी सिलारपुर अपने गांव जा रहा था, इसी दौरान दरबार सिंह राजपूत अपने पुत्र आदर्श के साथ जा रहे थे। तभी दोनों बाइके आपस में भिड़ गईं, जिसमे बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें ज़िला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। वहीं ब्रजमोहन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने जांच शुरू की।

अनुपयोगी खुले पड़े बोरवेलो को मिन्हित कर बंद कराने का काम शुरू

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)। ज़िला कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर पालिका की टीम द्वारा अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल को तत्काल चिन्हित कर बंद कराने का काम शुरू हो गया है। नगर में ऐसे कुछ चिन्हित स्थानों पर नपा ने सीमेंट आदि भरवाकर उन्हें बंद कर दिया। प्रदेश भर में अनुपयोगी एवं खुले नलकूप/बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाएं बड़ने लगी है। नगर क्षेत्र में पेयजल, सिंचाई, औद्योगिक कार्यों हेतु विभिन्न विभागों/संस्थाओं / निजी व्यक्तियों द्वारा बोरवेलो का उपयोग किया जाता है। जैसे ही नलकूपों में पानी की क्षमता कम होती है, उन्हे खनन एजेंसी, ठेकेदारों, व्यक्तियों, संस्थाओं द्वारा लापरवाही पूर्वक खुला छोड़ दिया जाता है। जिससे इन नलकूपों में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं / जनहानि होने की घटनाएं बड़ गई। नपा ने ऐसे बोरबेलो को चिन्हित कर बंद करा रहीं है। जानकारी देते हुए सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि नगरीय निकाय अंतर्गत खुले पड़े बोरवेलो को बंद कराया जा रहा है। उन्होंने सभी नगर वासियों से अपील की है कि जहां भी खुले बोरवेल हो उसकी सूचना तत्काल नगर पालिका में दे।

रेंगुवा से सरकारी ट्यूबबेल का स्टार्टर और केवल मोरी

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)। इन दिनों खुरई निकाय क्षेत्र में पानी की समस्या चल रही है, या बात किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में चोर भी चोरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मामला शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम रेंगुवा(रानी अवंतिवाई वार्ड) का है। जहा अज्ञात चोरों द्वारा सरकारी ट्यूबबेल का स्टार्टर और केवल चोरी कर लिए गए। वार्ड के पार्षद जयराम अहिरवार ने नगर पालिका और शहरी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। अगर बोरवेल समय पर चालू नहीं हुआ तो कई परिवार पानी के लिए परेशान होंगे।

क्राइम ब्रांम बनकर डकैती के आरोपियों को पकड़ने में माधवनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

थाना माधवनगर जिला कटनी धारा 394, 450, 419, 342
भादवि बढ़ाई गई धारा 395,120-बी भादवि
पांच आरोपियों से दो लेपटॉप 05 मोबाइल सहित ?3,50,000 का मशरूका बरामद

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)। अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक जिला कटनी के निर्देशन, डॉ संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी, श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक जिला कटनी के मार्गदर्शन में अनूप सिहं निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, दुर्गेश तिवारी चौकी प्रभारी निवार, उदयभान मिश्रा उप निरीक्षक साइबर सेल एवं उनकी टीम को डकैती करने वाले पांच आरोपियों से पीड़ित के 02 लैपटॉप, 05 पांच मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त 07 मोबाइल नगदी सहित करीब 06 लाख 8700 रुपए का मशरूका बरामद करने में बडी सफलता मिली है । प्रार्थी भरत बानवानी ने लिखित रिपोर्ट किया कि वह सुभाष चौक में मोबाइल की दुकान मे बेचने व सुधारने का काम करता है दिनांक 18/4/2024 को रात्रि करीब 12:30 बजे चार अज्ञात लड़के सिविल ड्रेस में मेरे कमरे में घुस आये और बोले कि हम काइमब्रान्च से है हम लोगों को कमरे में बंधक बना कर मारपीट करके भय दिखाकर मेरे मोबाईल खाता से जबरन फोन-पे से 49 हजार रुपए ट्रांसफर करवाये । मेरे रिश्तेदार ने सेमसंग के दो नग मोबाईल एवं 3 मोबाइल रियलमी कम्पनी के मोबाईल कुल 5 मोबाइल और दो लेपटाप एच.पी कम्पनी का चार्जर और एच पी कम्पनी का स्पीकर के बेचने के लिये दिये थे जिसकी कुल कीमत करीबन 3 लाख 35,000 रुपए है, हम लोगो के द्वारा उनका विरोध किया तो झाडू का डण्डा एवं लात-घूंसो से मारपीट की । चारों आरोपी लड़को की उम्र करीब 20-25 साल के होना लेख किया। उक्त कार्य में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, उनि दुर्गेश तिवारी चौकी प्रभारी निवार , उनि उदभान मिश्रा सायबर सेल,उनि. विष्णु नारायण जायसवाल, उनि गणेश विश्वकर्मा, सउनि मनोज कुडापे, प्र.आर प्रशांत विश्वकर्मा, प्र.आर. भुवनेश्वर बागरी, प्र.आर लालजी यादव, आर. शिव पटेल , आर. रविन्द्र दुबे, आर. अविनाश मिश्रा, आर. अभय यादव, आर. सत्येन्द्र, आर.नीरज दुबे की सराहनीय भूमिका रही । गठित टीम के द्वारा तत्काल ही आस पास के लोगों से पूंछतांछ शुरू कर गई। फरियादी के बताये अनुसार उसके मोबाईल के पे-टीएम से किये गये 49000/- रुपये का ट्रांसफर हिस्ट्री देखी गई। ज्ञात हुआ कि सचिन यादव के द्वारा उसके खाते में राशि ट्रांसफर की गई। उक्त व्यक्ति पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। इसी प्रकार काफी मशकत्त करते हुए आरोपी तनवीर खान, सूजल उर्फ अंशु बावरिया, नमन उर्फ लक्की श्रीवास्तव, चेतन विश्वकर्मा को पकड़ा है । जिनसे पृथक पृथक पूछतांछ की गई जिन्होने स्वयं को कर्जे मे होने के कारण दोस्तों के साथ मिलकर प्लान बनाया। कि भरत बानवानी माधवनगर निवासी के घर चलते है तनवीर खान वहां एक महीने पहले काम कर चुका है जिसे घर आने जाने का रास्ता मालूम है वहां से लैपटाप मोबाईल और जो भी पैसा मिलेगा आपस मे बांट लेंगे ।

क्षेत्र भर के सामाजिक व राजनीतिक सनातन धर्म प्रेमी सम्मिलित होते हैं दोपहर 3:00 बजे पूजा के बाद होती है प्रारंभ

23 अप्रैल को निकलेगी 17 वर्ष में प्रवेश कर रही भाव्य चुनर यात्रा ग्राम मदाना में
भजन कीर्तन के साथ शुरूआत कि थी चुनरयात्रा आज लिया है ऐतिहासिक रूप यात्रा ने

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)। सुंदरकांड मंडली के सदस्यों ने समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 17 वर्ष पूर्व छोटे से रूप में नित्यानंद नगर हनुमान मंदिर से उक्त चुनर यात्रा प्रसिद्ध स्थान इलाही माता के दरबार में अर्पण को लेकर यात्रा शुरू हुई थी जो आज उक्त यात्रा ऐतिहासिक रूप में सम्मिलित हो चुकी जहां अब ग्राम नहीं क्षेत्र वी कहीं स्थान की श्रद्धालु सम्मिलित होकर उक्त यात्रा में धर्म के लाभ उठा रहे। ग्राम मदाना के ईलाई माता दरबार में सात दिवसीय मेले का शुभारंभ पूर्णिमा का दिन से क्षेत्र के प्रत्येक गांव से माता बहन है माता को चकली भरकर मिट्टी की घड़ी बोलते हैं उसे पानी से नहलाते हैं और उसे दिन से सात दिवस ई युक्त मेले का शुभारंभ होता है जहां कहीं वर्षों से माता के दरबार में मान्यता के अनुसार पूजा आराधना के बाद उक्त मेले में लोग प्रतिदिन अपनी ओर से मूर्ति के साथ-साथ माता का दर्शन कर अपनी मन्नत पूरी होने पर माता के यहां प्रसाद व भोग लगाते हैं वहीं और भी लोग मन्नते करते हैं जहां किसी को लेकर क्षेत्र के कहीं गांव सहित कहीं जगह पर उक्त कार्य का श्री गणेश भी इसी दिन से चालू होता है जो की वर्षों की परंपरा आज भी उक्त गांव में चल रही है।

छोटी सी गांव की मंडली से शुरूआत जो आज ऐतिहासिक बंनी चुनरी यात्रा

नित्यानंद नगर सुंदरकांड मंडली के द्वारा आयोजित उक्त चुनरी यात्रा पूर्व में 17 वर्षों पहले से छोटे से माध्यम से ढोल धमाके से निकलती थी आज वहां ऐतिहासिक रूप ग्रहण किया है जो की माता का आशीर्वाद से ही जहां उक्त जनवरी यात्रा में इस वर्ष भी डीजे के साथ खाटू श्याम के भजन संध्या का कहीं मंडली द्वारा आकर्षक प्रस्तुति के साथ चुनर यात्रा 23 अप्रैल को दोपहर 3:00 बजे नित्यानंद हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ होगी जहां पूर्व में जनप्रतिनिधि के साथ-साथ क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और पंडितों द्वारा पूजन का शुभारंभ किया जा रहा है जहां ऐसा भी इस बार भी रहेगा

गांव सहित क्षेत्र भर के माता के भक्ति करते हैं सहयोग

चुनर यात्रा का प्रचार प्रसार के साथ-साथ सभी प्रकार के कार्य गांव के नित्यानंद नगर हनुमान मंदिर सुंदरकांड के सदस्य का साथ-साथ क्षेत्र भर कहीं जगह के लोग जन सहयोग के साथ-साथ धन संग्रह में भी सहयोग करते हैं और उक्त यात्रा में सम्मिलित होकर ऐतिहासिक बनाते हैं जहां यात्रा में हजारों की संख्या में माता बहनों का साथ-साथ युवा वर्ग सम्मिलित होते हैं।

राधा कृष्ण के साथ-साथ खाटू श्याम की भजन संध्या रहती है आकर्षण का केंद्र

उक्त चुनर यात्रा में भगवान राधा कृष्ण के साथ हनुमान जी बने युवा के साथ-साथ गरबा करते हुए बालिका वहीं नृत्य करते हुए युवाओं को टोली प्रसिद्ध भजन गायक तेज सिंह राजपूत के खाटू श्याम के भजन के साथ मंडली अन्य तरह के प्रताप दिखाते हुए निकलती।

मेवाड़ा बने संभागीय अध्यक्ष

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)। वैकल्पिक चिकित्सालय संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मोहम्मद इकबाल गोरी की अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री डॉक्टर दीपक परासैया प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अभिमन्यू के आदेश पर आराध्या क्लीनिक अकोदिया का संचालक डॉक्टर सुहागमल मेवाड़ा को उज्जैन संभागीय अध्यक्ष पद पर उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए की गई है जहां संभागीय अध्यक्ष बनने के बाद संगठन विकल्प चिकित्सालय संघ के प्रचार प्रसार का साथ-साथ चिकित्सालय क्षेत्र में उचित अच्छा कार्य करने की उम्मीद बताइए जहां संभागीय अध्यक्ष बनने पर सहित जिले भरकर डॉक्टर ने बधाई दी।

पलायन कर मुके मजदूरों को, घर वापसी हेतु नहीं है कोई योजना, हो सकता है वोटिंग पर असर

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, हटा/दमोह (जगदीश विश्वकर्मा)। देश में लोकतंत्र का पर्व चुनाव, लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के प्रथम चरण को पार कर दूसरे चरण की ओर अग्रसर है, 26अप्रैल को मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में से एक महत्वपूर्ण सीट दमोह में भी इसी चरण में वेटिंग होगी । वेटिंग के पहले जिला प्रशासन पिछले लोकसभा चुनाव के प्रतिशत को बढ़ाने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से जागरूकता फैला रहा है किन्तु इस आयोजन में शासकीय अमलो को जोड़कर औपचारिकता पूरी की जाती है, धरातल की स्थिति विचारणीय है सूत्रों की मानें तो दमोह लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाले हटा विधानसभा में स्थायी रोजगार ना होने के कारण प्रत्येक पंचायत से औसतन लगभग 15 प्रतिशत मजदूर पलायन की स्थिति में रहने को मजबूर हैं , चुनाव के समय शासन , पार्टी के प्रत्याशियों को एक एक वोट को लेकर चिंता बनी रहती है किन्तु चुनाव होने के बाद मजदूरों को दो जून की रोटी के लिए बड़े बड़े शहरों में दिहाड़ी के लिए मजबूर होना पड़ता है । ग्रामीण स्तर पर शासन द्वारा मनरेगा योजना को लागू कर मजदूरों को रोकने का प्रयास किया जा है लेकिन वहां भी मशीनों से काम कर फर्जी मस्टर में मजदूर मजदूरी करते रहते हैं । विगत विधानसभा चुनाव में संयोगवश दिपावली पर्व होने के कारण कई मजदूर घर आएं थे जिससे मतदान बेहतर हुआ था , लोकिन इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव मे स्थायी रोजगार न होने के कारण बाहर रह रहे मजदूरों का इस चुनाव में कोई रुचि नहीं है , जिला प्रशासन 80 प्रतिशत मतदान हो इसके लिए काम कर रहा है लेकिन मजदूर की घर वापसी हो इस पर कोई ठोस कदम नहीं है , वहीं चुनाव में प्रमुख पार्टियों के नेता भी इन पयालन कर चुके मजदूरों के लिए कोई विशेष योजना नहीं बनाई है , जबकि किसी भी नेता को दिल्ली जाने के लिए दिल्ली जैसे बड़े बड़े शहरों में रहने वाले वोटरों को अपने मताधिकार का प्रयोग कराने, एवं स्थायी रोजगार की गारंटी देना , मुख्य विषय हो सकता है । विगत दिनों जिला कलेक्टर सुधीर कोचर से बातचीत के दौरान उक्त विषय पर बात की गई थी तो उन्होंने कहा था कि पंयाचत स्तर पर कर्मचारियों द्वारा फोन लगाकर वेटिंग हेतु प्रेरित कर रहे हैं ।

निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में जिले में लगातार स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया की शिक्षिका शीला पटेल द्वारा ढोलक मंजीरों के साथ मतदाता जागरूकता रैली ग्राम के प्रमुख स्थानों से निकाली गई, जिसमें महिलाओं, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की सहभागिता रही। रैली में शीला पटेल व महिलाओं ने लोकगीत गाकर मतदाताओं को जागरूक किया इसके साथ ही सभी से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

पीड़ित किसानों ने आग लगी पर सरकार से भुगतान कराने की मांग

मैथिली प्रसंग संवाददाता, नालंदा (राकेश कुमार)। नूरसराय प्रखंड के मुजफ्फरपुर पंचायत स्थित परासी गॉव के पश्चिम खंधा निम तक में लगे 15 बीघा गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई बताया जाता है कि खंधा से बिजली की जर्जर तार गई थी बिजली की तार स्पार्क किया और चिंगारी गेहूं की फसल पर गिरी जिससे फसल में आग लग गई आग लगी कि सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों एवं अग्निसवक कमीयो कि तत्परता से आग पर काबू पाया गया,समाजसेवी झुंनझुन सिंह ने बताया कि 10 से 15 विघा फसल जल कर रख हो गया इसमे 3-4 बीघा झुंनझुन सिंह का फसल जल कर रख हो गया,इसमे किसानों की संख्या 10-11 बताया गया, सभी लोग ने कल नूरसराय अंचल कार्यालय में दिया जाएगा आवेदन ,उन सभी किसान वाशियो ने अपनी भुकतान के लिए सरकार से मांग की,नही भुकतान करने पर बोट का भविष्यकार किया जायेगा ।

मशहूर भोजपुरी गायक पवन सिंह पहुंचे देव , सूर्य मंदिर में टेका मत्था, काराकाट में शुरू किया प्रचार

मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो/ कुणाल सिंह

औरंगाबाद। मशहूर भोजपुरी गायक पवन सिंह रविवार को प्राचीन सूर्य मंदिर मे दर्शन करने पहुंचे, साथ में टी-सीरीज गायक प्रवीण सिंह मौजूद रहे । मंदिर परिसर में न्यास समिति सचिन विश्वजीत राय, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, सदस्य योगेंद्र सिंह, सुनील सिंह आदि लोग ने माला पहनाकर तथा देव सूर्य मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान के साथ उनका भव्य स्वागत किया। और सूर्य मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। मंदिर के पुजारी राजेश पाठक ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर के दिव्य स्वरूप में विराजमान भगवान ब्रह्मा,विष्णु , महेश के प्रतिमा को

देखकर प्रफुल्लित हुए और मंदिर के भव्यता व सुंदरता को देखकर भाव विभोर हुए। इस दौरान दल बल के साथ देव थानाध्यक्ष विकास कुमार, एसआई नीतीश कुमार एसआई राहुल कुमार एसआई अलख पांडेय मौजूद रहे। स्थानीय लोगों में सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। वहीं सुरक्षा को लेकर एसटीएफ को जवान को लगाया गया था।जो सेल्फी लेने में मसगुल नजर आए। वहीं इस दौरान पूरा माहौल शोर शराबा का बना रहा ।बताया जा रहा है कि गायक पवन सिंह काराकाट लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आने वाले है ।जिसको लेकर पटना से देव पहुंचकर भगवान सूर्य का दर्शन किया और काराकाट क्षेत्र में गांव गांव से अपना प्रचार अभियान शुरू किया। ईस दौरान सुमन सिंह मैनेजर दीपक सिंह, रितिक सिंह, नवीन सिंह, सौरभ सिंह के साथ भारी संख्या में दर्शक पवन सिंह को देखने के लिए मौजूद रहे।

गया डीएम के निर्देश पर पेयजल व्यवस्था को किया गया दुरुस्त, 2383 चापाकलों को कराया गया चालू

किसी भी प्रकार के समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज करें शिकायत तुरंत होगा समाधान

मैथिली प्रसंग मगध प्रमंडल ब्यूरो/राजेश मिश्रा

गया। वर्तमान समय मे गया जिला गर्म हवा के साथ 40^0c से ऊपर के तापमान से गुजर रहा है। इस मौसम में संभावित होने वाले पेयजल समस्या को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम 1 माह पहले से ही पीएचईडी के अभियंताओं के माध्यम से सभी प्रखंड में खराब या बंद पड़े चापाकलों को बनवाने/ मरामती के लिये मरामती दल को रवाना किया गया था, जो काफी सफल रहा है। रविवार को 2383 खराब या बंद पड़े चापाकलों को चालू करवाया गया है। राजइजिंग पाइप से लेकर अन्य सभी सामग्री पर्याप्त है। सभी प्रखण्डों के ग्रामीण इलाके में स्थापित किए गए सरकारी चापाकल के रख-रखाव एवं मरम्मती के लिए 24 चापाकल मरम्मति दल जिसमें प्लंबर, टेक्नीशियन व अन्य कर्मी लगाकर लगातार मरमत करवाया जा रहा है। जो भी पार्ट पुर्जा या राइजिंग पाइप जोड़ना इत्यादि सभी लगाकर चालू करवाया जा रहा है। पीएचईडी की ओर से बताया गया कि अगर कहीं (ग्रामीण क्षेत्रों में) चापाकल खराब/बन्द है, उनकी जानकरी टॉल फ्री नम्बर - 1800-123-1121 पर दी जा सकती है, ताकि गर्मी के दिनों में जितने भी चापाकल है, वे सुचारू रूप से काम करें। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है जहां आप सीधे कॉल करके खराब चापाकल की सूचना दे सकते हैं। गया डिवीजन क्षेत्र हेतु 0631 2220611 एव शेरघाटी डिवीजन हेतु 9304824242 नंबर जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी टोले/ प्रखंड/ ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़े ,इसके लिए कार्यपालक अभियंता पीएचईडी हर संभव कदम उठाएंगे। पीएचडी को निर्देश दिया गया है कि सही ढंग से चापाकल का मरम्मति हो तथा जहां पर मरम्मत हो वहां के आम लोगों को जानकारी जरूर रहे। कहीं भी शिकायत न मिले।उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि सरकारी संस्थान/विद्यालय में जितने भी चापाकल है, वे चालू रहें, जो चापाकल ठीक नहीं हो सकता है, जिसका कोई उपचार नहीं है, उसे हटाकर उसके स्थान पर नए चापाकल रखें, उन्होंने नल-जल योजना को क्रियाशील रखने को कहा। उन्होंने कहा कि पी.एच.ई.डी के सभी पदाधिकारी, अभियंता एवं कनीय अभियंता इस कार्य की देख-रेख व अनुश्रवण करेंगे। उन्होंने बताया कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जा रहा है, हेल्प लाइन नम्बर पर जैसे ही से ही कॉल आएगी, तो कनीय अभियंता एवं अन्य अभियंता, पदाधिकारी एवं टेक्नीशियन और कर्मी इसी चलंत मरम्मती दल के साथ जाएंगे और वहीं पर उसका समाधान करेंगे, इससे आम लोगों को बहुत फायदा होगा।डीएम ने जिले के सभी ग्रामीणों से अपील किया है कि आपके क्षेत्र में यदि सरकारी चापाकल खराब या बंद पड़ा है तो आप सीधे अपने क्षेत्र/ प्रखंड के पी.एच.ई.डी कनीय अभियंता या सहायक अभियंता को कॉल करके बता सकते है। इसके अलावा टॉल फ्री नंबर पर भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।गया जिले का औसतन भुगर्व जल स्तर 35 फीट है। गया सदर डिवीजन अंतर्गत पड़ने वाले 13 प्रखंडों में बंद पड़े 1096 चापाकलों को चालू/ मरामती करवाया गया है। जिसमें मानपुर में 102 चापाकल, अतरी में 110, नीमचक बथानी में 84, खिजर सराय में 70, बोधगया में 113, टिकारी में 117, कोच में 146, वजीरगंज में 81, मोहड़ा में 36, टनकुप्पा में 24, बेलागंज में 74, नगर प्रखंड के क्षेत्र में 44 तथा परैया में 93 चापाकल को मरम्मत किया जा चुका है ।उसी प्रकार शेरघाटी डिवीजन अंतर्गत पड़ने वाले 11 प्रखंडो में बंद पड़े 1287 चापाकलों को चालू/ मरामती करवाया गया है। जिसमे गुरारू में 103, गुरुआ में 123, बाके बाजार में 133, आमस में 93, फतेहपुर में 103, मोहनपुर में 97, शेरघाटी में 143, इमामगंज में 159, डुमरिया में 137, डोभी में 87, बाराचट्टी में 103 चापाकल को मरम्मत किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि गया जिला के आम जन अपने क्षेत्र के खराब चापाकलों की मरामती हेतु उपरोक्त नम्बरो पर बता सकते हैं। शेरघाटी प्रखंड के जेई शुभम कुमार 6209716418, डोभी एव मोहनपुर के जेई ईश्वरी प्रशाद 9334052393, गुरुआ, आमस एव गुरारू के जेई सुनील कुमार चौदरी 9470413504, बाराचट्टी एव फतेहपुर के जेई रवि रंजन 8623038094, बाकेबजार, इमामगंज एव डुमरिया के जेई शुभम कुमार 6209716418, कोच एव टिकारी के जेई मुकेश कुमार 9102598475, बोधगया के जेई अनिल मंडल 9304197797, मानपुर के जेई मिथिलेश 7319833387, अतरी, वजीरगंज, खिजरसराय एव नीमचक बथानी के जेई राजीव रंजन पांडेय 8271011665, मोहरा एव टनकुप्पा के जेई उपेंद्र कुमार 7004647442, गया सदर ग्रामीण क्षेत्र एव परैया के जेई प्रिया रंजन 7070034389, बेलागंज के जेई मुकेश कुमार 9102598475 पर कॉल करके खराब चापाकल की जानकारी दे सकते हैं। इसके अलावा जिला पदाधिकारी ने तपिस वाली गर्मी के मौसम के मद्देनजर पेयजल संकट के देखते हुए अकार्यरत नल-जल योजनाओं एवं बंद चापाकल को यथाशीघ्र चालू कराने एव सतत निगरानी के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करवाया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्याः 0631- 2222259 /2222253 है। कार्यरत नल-जल योजनाओं के बन्द रहने की प्राप्त शिकायत के आलोक में पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत कार्यरत तकनीकी सहायक / पीएचईडी के अभियंताओं / प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी को सूचित करेंगे।

पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी की स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर भाजपा नेता ने मंगलागौरी मंदिर में की पूजा

मैथिली प्रसंग संवाददाता/ रंजीत मिश्रा

गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी जी के स्वास्थ लाभ के लिए भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा माँ मंगला गौरी शक्ति पीठ में पूजा पाठ कर हवन कर, जल्द स्वस्थ होने की माता रानी से कामना की।इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा की सुशील मोदी भाजपा के बड़े नेता हैं, उनके नेतृत्व में बिहार प्रदेश भाजपा संगठन काफी मजबूती प्रदान किया है, आज लोकसभा 2024 के चुनाव में उनके अनुपस्थिति भाजपा कार्यकताओं को बहुत खल रही है, क्यूंकि उन्होंने सर्वदा भाजपा कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाने का कार्य किया है। माता रानी से प्राथना करते हैं की जल्द स्वस्थ होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में पूनः हम सभी कार्यकताओं को मार्गदर्शन दें। आज के पूजा हवन कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश गिरी, व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक दीपक पाण्डेय, महेश यादव, बबलू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए।

गर्म हवाएं एवं लूं से बचाव के लिए जिला पदाधिकारी ने किया अपील

मैथिली प्रसंग संवाददाता/ रंजीत मिश्रा

गया। गया जिले में गर्मी के महीने में गर्म हवाएं एवं लूं भी चलती है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव हमारे शरीर पर भी पड़ता है जो कभी-कभी तो जानलेवा भी साबित हो सकता है। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने गया जिला वासियों से अपील किया है कि आपदा विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी तथा नीचे बताए गए उपायों का पालन कर गर्म हवाओं/लू के बुरे प्रभाव से बचे। बिना जरूरी कार्यों के घर से बाहर ना निकले। धूप में निकलने के दौरान अपने माथे पर तौलिया या टोपी अनिवार्य रूप से पहने।

गर्म हवाएं एवं लू से सुरक्षा के उपायः-

क्या करें:-

जितनी बार हो सके पानी पियें, बार-बार पानी पियें

सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें।

जब भी बाहर धूप में जायें यथा संभव हल्के रंग के ढीले ढाले एवं सूती कपड़े पहने। धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें। गमछे या टोपी से अपने सिर को ढक के रखें व हमेशा जूता या चप्पल पहने।

हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले मौसमी फल जैसे- तरबूज, खीरा, ककड़ी, खरबूजा, संतरा आदि का अधिक से अधिक सेवन करें।

घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का पन्ना इत्यादि का नियमित सेवन करें।

अपने दैनिक भोजन में कच्चा प्याज, सत्तू, पुदीना, सौंफ तथा खस को भी शामिल करें।

स्थानीय मौसम के पूवार्नुमान और आगामी तापमान के परिवर्तन के बारे में विभिन्न विश्वसनीय सूत्रों से लगातार जानकारियां लेते रहें।

अगर तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आये तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

क्या न करें -

जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।

अधिक तापमान में बहुत अधिक शारीरिक श्रम न करें।

चाय, कॉफी जैसे गर्म पेय तथा जर्दा तंबाकू आदि मादक पदार्थों का सेवन कम से कम अथवा न करें।

ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन जैसे- मांस, अंडा व सूखे मेवे, जो शारीरिक ताप को बढ़ाते है, का सेवन कम करें अथवा न करें।

यदि व्यक्ति गर्मी यां लू के कारण उल्टियां करें या बेहोश हो तो उसे कुछ भी खाने-पीने को न दें।

बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें।

लू लगने पर क्या करें :

लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर उसके शरीर पर तंग कपड़े हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।

लू लगे व्यक्ति का शरीर ठंडे गीले कपड़े से पोछे या ठंडे पानी से नहलाएं।

उसके शरीर के तापमान को कम करने के लिए कूलर, पंखे आदि का प्रयोग करें।

उसके गर्दन, पेट एवं सिर पर बार-बार गीला तथा ठंडा कपड़ा रखें।

उस व्यक्ति को ओ.आर. एस./नींबू-पानी, नमक चीनी का घोल, छाछ या शरबत पीने को दें, जो शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।

लू लगे व्यक्ति की हालत में यदि एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा के 80वें जन्मदिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)।

डॉ. राममनोहर लोहिया के समय समाजवादी आंदोलन में शामिल होने वाला एक नौजवान महज उन्नीस साल की उम्र में इसलिए जेल गया ताकि डा. लोहिया के नेतृत्व में किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाया जा सके। एक साल बाद बीस बरस की उम्र में वो ह्वगाँधी लोहिया की अभिलाषा, चले देश में देश की भाषाह्व के नारे के साथ इसलिए जेल गया क्योंकि वह अंग्रेजी को हटाना चाहता था। तीसरी बार वो ह्वसोशलिस्टों ने बांधी गांठ, पिछाड़ पावें सौ में साठह्व के उद्घोष के साथ जेल गया। जीवन में अब तक उनका दूसरा ठिकाना जेल बन गया था।

हम बात कर रहे है लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा की जो जीवनकाल के 80 पड़ाव पार करने के बाद आज भी समाजवादी आंदोलन का दिया जलाए हुए हैं। इस दौरान कई बार प्रस्ताव मिलने के बावजूद उन्होंने न कभी चुनाव लड़ा और न कोई शासकीय पद ही लिया। जनसरोकार से जुड़ी ऐसी शख्सियत का 80वां जन्मदिन मनाने के लिए रविवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित आशीर्वचन समारोह में बधाई देने वालों का हुजूम इकट्ठा रहा।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि राजनाथ शर्मा सिविल नाफरमानी के योद्धा हैं। ना मानेंगे, ना मारेंगे उनके जीवन का सूत्र है। वह समाजवाद के अभिलेखागार हैं। अगर आप समाजवाद को जानना समझना चाहते हैं। तो उन्हें खंगालना पड़ेगा। राजनाथ शर्मा वह जिन्दा कौम है जो पांच साल इन्तजार नहीं करती। वह जब सत्ता में रहते हैं। तब भी सड़क पर संघर्ष के हिमायती है। यह उनकी पहचान है। पूर्व प्रशासक सुधेश कुमार ओझा ने कहा कि राजनाथ शर्मा से मिलना सदा प्रेरणादायी और ऊर्जा दायक होता है। देश और दुनिया को देखने की समझ भी बढ़ती है। 80 वर्ष की उम्र में उनकी याददाश्त, उत्साह और कार्यक्षमता ज्यों की त्यों कायम है, जो सभी को आश्चर्यचकित करती है। आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन तिवारी ने कहा कि राजनाथ जी ने समाजवादियों का जीवन कैसा होना चाहिए इसका आदर्श देश और दुनिया के सामने रखा है।

कम मतदान प्रतिशत को लेकर मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने किया समीक्षा बैठक

मैथिली प्रसंग संवाददाता/ रंजीत मिश्रा

गया। गया लोकसभा चुनाव संपन्न होने के उपरांत बिहार सरकार के सहकारिता सह वन पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गया विधानसभा के भाजपा के चारों मंडल के कार्यकताओं के साथ बैठक कर चुनाव की समीक्षा की।

बैठक में मुख्य विषय कम मतदान प्रतिशत का रहा। जबकि चुनाव आयोग दावा किया है की उनके तरफ से अधिकतम कोशिश की गई थी परंतु मतदाता नहीं निकले। डॉ कुमार के बैठक में चारों मंडल के कार्यकताओं ने जो की जमीनी स्तर पर मतदाताओं को मदद एवं पर्ची देने का कार्य कर रहे थे उन्होंने बताया कि कम मतदान होने के तीन मुख्य कारण हुए जिसमें प्रथम कारण बीएलओ द्वारा पर्ची बांटने में कोताही रहा। कार्यकताओं ने बताया कि पूरे विधानसभा में अधिकतम 30 से 40 फीसदी ही पर्ची बांटे गए हैं। वहीं कई बूथों पर कई बीएलओ का मोबाइल लगातार बंद पाया गया और कुछ बीएलओ द्वारा पूरी तरह नजरअंदाज किया गया और दूसरा कारण लग्न का समय भी रहा, इस माह में शादी विवाह का कार्यक्रम जोरों पर रहता है जिस कारण भी लोग मतदान करने नहीं पहुंच पाए। वहीं तीसरा कारण तेज गर्मी और लू रहा जिस कारण भी कुछ लोग मतदान करने घर से नहीं निकले।

पूरी चुनाव प्रक्रिया में पाए गए समस्याओं और शिकायतों को लेकर भाजपा का एक शिष्टमंडल जल्द जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा और खासकर बीएलओ द्वारा पर्ची नहीं बांटे जाने के कारण कम मतदान होने को लेकर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करेगी। आज के समीक्षा बैठक में भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सहसंयोजक प्रेम सागर वार्ड पर शाद जय प्रकाश यादव गाजो बाबा देवानंद पासवान विकास कुमार मंडल अध्यक्ष राजीव सिंह शंभू यादव कमल बारिक टिंकू गोस्वामी शिवनारायण चंद्रवंशी धनंजय धीरू महेंद्र जी मुकेश चंद्रवंशी समीर चटर्जी उपेंद्र पासवान अशोक गुप्ता पप्पू जी आदि शामिल हुए।

मुख्य समाचार

नाबालिग को घर से भगा ले जाने के मामले में पिता ने करवाया प्राथमिकी दर्ज

मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)। जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने के मामले में लड़की के पिता ने गांव के ही बगल के एक युवक को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाया है। थाना अध्यक्ष बताया कि तकनीकी सहायता के माध्यम से युवती को बरामद कर लिया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने को ले पत्नी ने पति पर कराया प्राथमिकी दर्ज

मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)। जिले के रफीगंज शहर के थाना गली निवासी राजेश कुमार की पत्नी प्रिया कुमारी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए उल्लेख किया है कि 15 मई 2023 को मेरी शादी रफीगंज शहर के थाना गली निवासी राजेंद्र प्रजापति के पुत्र राजेश कुमार के साथ सर्वसहमती से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुर एवं मेरे पति दहेज को लेकर बराबर मेरे साथ मारपीट एवं गाली-गलौज करते रहते हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गाली गलौज करने को लेकर हुई मारपीट, एक घायल, चार बने नामजद आरोपी

मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)। जिले के रफीगंज के अकौनी रेगनियां गांव में गली गलौज करने को लेकर मारपीट की घटना घटी। मारपीट में अशोक यादव की पत्नी निर्मला देवी घायल हो गई। घायल निर्मला देवी द्वारा गांव के ही संजू देवी, राम बदन यादव, कलावती देवी, सनोज यादव को नामजद आरोपी बनाते हुए उल्लेख किया है कि 14 अप्रैल को करीब दिन में 3:00 बजे के आसपास उक्त लोग आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया ।जिससे मेरा हाथ टूट गया। थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मारपीट एवं दहेज उत्पीड़न मामले में पत्नी ने पति सहित पांच लोगों को बनाया नामजद आरोपी

मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)। जिले के रफीगंज प्रखंड के जाखीम पड़रिया गांव के अभय कुमार सिंह उर्फ मृत्युंजय कुमार सिंह की पत्नी प्रियंका कुमारी ने रविवार को रफीगंज थाना में पति अभय कुमार सिंह उर्फ मृत्युंजय कुमार सिंह, बड़े भैसुर बृजनंदन सिंह , छोटे भैसूर जितेंद्र सिंह, आशादेवी एवं मधु देवी को नामजद आरोपी बनाते हुए उल्लेख किया है कि विगत 8 जून 2022 को हिंदू रीति रिवाज के साथ अभय कुमार सिंह मृत्युंजय कुमार सिंह के साथ मेरा विवाह हुआ। शादी के कुछ दिन बाद ही उक्त लोगों द्वारा बुलेट बाइक एवं दो लाख रुपए के लिए मांग किया जाने लगा। उसको लेकर मारपीट करते रहते हैं। रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

तीन शराबी को भेजा गया जेल

मैथिली प्रसंग संवाददाता, सहार/भोजपुर (दिलीप कुमार)। सहार एवं चौरी थाना क्षेत्र से तीन शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार चौरी थाना क्षेत्र से दो शराबी बहुआरा गांव निवासी स्वर्गीय यूनिस अंसारी का पुत्र मुमताज अंसारी एवं बेरथ से उदवंत नगर थाना के तेज नारायण ठाकुर का पुत्र रंजीत कुमार ठाकुर और सहार थाना क्षेत्र से करबासीन गांव निवासी स्वर्गीय नागेंद्र राय का पुत्र मोती राय को शराब पीने के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए जेल भेज दिया गया है।

टेंपो और बाइक की आमने-सामने भिडंत से चार लोग जख्मी दो की स्थिति नाजुक रेफर

मैथिली प्रसंग संवाददाता, सहार/भोजपुर (दिलीप कुमार)। चौरी थाना क्षेत्र के दुल्लामचक सूर्य मंदिर के पास टेंपू और बाइक के आमने सामने के भिडंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को ग्रामीण के सहयोग से सहार सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों की स्थिति नाजुक होने के कारण रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार टेंपो पर सवार कोलोडिहरी गांव निवासी एक ही घर के सुरेंद्र चौधरी का 13 वर्षीय पुत्री सविता कुमारी एवं घनी चौधरी की पत्नी 65 वर्षीय लाचो कुमार को चोटे आई है लेकिन टेंपो चालक खैरा गांव निवासी स्वर्गीय श्रीनाथ चौधरी का पुत्र उमेश चौधरी को प्राथमिक उपचार के बाद डॉ विजय दास ने नाजुक स्थिति होने के कारण सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दिया है। वही बाइक पर सवार दुलमचक गांव निवासी ओमप्रकाश केसरी का 16 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार केसरी की स्थिति नाजुक बनी हुई है जिसे रेफर कर दिया गया है। बताते चले की टेंपो मोपती से सहार की ओर आ रहा था और बाइक पर सवार पेरहाप से मोपती की ओर जा रहा था इसी दौरान दुल्लामचक के पास गाड़ी तेज रफ्तार में होने के कारण दोनों आमने-सामने भिड़ंत हो गया। जिसमें दो लोग घायल और दो लोगों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बाइक चालक बाइक लेकर फरार हो गया है। जिसे सदर अस्पताल अरवल रैफर कर दिया गया है।

शिल्पा यादव ने 92% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विधालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, सुल्तानपुर (ओमकार मिश्रा)। शिल्पा यादव पुत्री ईशनारायण यादव अध्यापक जिन्होंने अपने परिश्रम और माता-पिता एवं भाई के आशीर्वाद से ग्रामीण विकास इंटर कॉलेज पटैला मखदुमपुर जौनपुर में हाई स्कूल की परीक्षा में 92% प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है इससे विद्यालय परिवार एवं गांव के लोगों में खुशी का माहौल है।

मैथिली प्रसंग समाचार पत्र व ट्रस्ट से जुड़ने के लिए संपर्क करें।
Mob.: 8505971505] 8368657015
Email: mprasang@gmail.com
Website: www.maithiliprasang.com

संपादकीय

सिर पर छत का हक

लखनऊ के अकबरनगर की अवैध कॉलोनियों को ढहाए जाने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के गहरे अर्थ हैं कि सिर के ऊपर छत लोगों का मूलभूत अधिकार है। देश की पिछली जनगणना के आंकड़ों के आलोक में इस टिप्पणी का मानवीय महत्व कहीं बेहतर समझा जा सकता है। साल 2011 की जनगणना ने हमें बताया था कि देश में 17.5 लाख से अधिक लोगों के पास छत नहीं है। सर्दी, गरमी और बरसात में वे फुटपाथों पर जीने को मजबूर हैं। पिछले 13 वर्षों में यह आंकड़ा घटा या बढ़ा इसका पुख्ता प्रमाण तो हमें अगली जनगणना से ही मिलेगा। निस्संदेह, सरकारें इस समस्या से गाफिल नहीं हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी बेघरों को पक्की छत मुहैया कराने का संकल्प इसकी तस्दीक करता है। इस मामले में प्रयास भी हो रहे हैं, मगर विडंबना यह है कि एक तरफ निर्माण की कवायद हो रही है, तो दूसरी ओर जगह-जगह अवैध बस्तियों के ढहाए जाने से कई परिवार बेघर भी हो रहे हैं। ऐसे में, शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल वाजिब है कि किफायती दर पर घर मुहैया कराने में सरकारी नीतियों की नाकामी ने अवैध बस्तियों का विस्तार किया है। यह किसी एक प्रदेश या शहर की बात नहीं है, देश के तमाम महानगरों और छोटे-बड़े शहरों के सामने अवैध कॉलोनियों की गंभीर समस्याएं हैं। जाहिर है, ये रातोंरात नहीं उग आईं। स्थानीय रसूखदारों और सरकारी अधिकारियों की सांठगांठ ने इनका विस्तार किया है। फिर इनमें से कई तो दशकों पुरानी हैं। कहने की आवश्यकता नहीं, ऐसी बस्तियों को खाली कराते समय अतिरिक्त संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए। विस्थापित होने वाले लोग देश के ही नागरिक हैं और उन्हें विकल्प मुहैया कराने का दायित्व भी तंत्र का ही है। हमने पूर्व में देखा है कि राजधानी दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान यमुना किनारे बसी अनेक बस्तियां दूसरी जगहों पर शांतिपूर्वक स्थानांतरित की गईं। दुर्योग से सरकारों की अच्छी मंशा भी कई बार तंत्र का शिकार हो जाती है। बुल्डोजर तो उपयोग के लिए ही बने हैं, मगर वे इस्तेमाल के लिए मानवीय विवेक की भी मांग करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही तंत्र को यह बताया है। निस्संदेह, सरकारी भूमि के किसी भी अतिक्रमण का बचाव नहीं किया जा सकता। अवैध कॉलोनियों के निर्माण से शहरी प्रबंधन पर भी तमाम तरह के दबाव बढ़ते हैं। इनमें रहने वालों की ओर से सड़क, परिवहन, विद्युत, जलापूर्ति आदि तमाम बुनियादी जरूरतों की मांग होती है। मगर सवाल है कि ऐसी कॉलोनियों के बसते समय तंत्र में बैठे कितने जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होती है? राजनीतिक वोटों के लोभ में अनेक बस्तियों को नियमित किए जाने से भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिला है। इसलिए वक्त आ गया है कि सरकारें अपने-अपने राज्यों में ऐसी योजनाएं शुरू करें, जिनसे किफायती दर पर लोगों को घर उपलब्ध हो सके। केंद्र सरकार के आकलन के मुताबिक, साल 2030 तक चालीस फीसदी भारतीय आबादी शहरों में रह रही होगी।

प्रसंग

आज भी अपने महान कार्यों से हमारे अज्ञानान्धकार को दूर कर रहे भगवान महावीर स्वामी जी

बलवान सिंह
पत्रकार एवं समाजसेवी

भगवान महावीर जयंती जैन समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, और इसे भारत सहित दुनिया भर में धूमधाम से मनाया जाता है। भगवान महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर हैं। इस अवसर पर लोकप्रिय समाजसेवी पत्रकार बलवान सिंह ने जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी जी की जन्मजयंती की सभी को अग्रिम शुभकामनाये व्यक्त करते हुए कहा कि दुष्टों की दुष्टा से लोगों को बचाने और जन झ्र जन के कल्याण के लिए हमारी भारत भूमि पर अनेक महापुरुषों ने अवतार लिए हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, महाबली हनुमान जी, भगवान श्रीकृष्ण इसी धरती पर पैदा हुए हैं। ऐसे ही महान पुरुषों में भगवान महावीर स्वामी जी का नाम सर्वोपरि है। भगवान महावीर स्वामीजी की जन्मजयंती शांति और सद्भाव के लिए मनायी जाती हैं। आज जब इस संसार में घृणा, बैर, द्वेष, मार-काट का बोलबाला है, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी के उपदेशों पर चलकर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। इस साल भगवान महावीर स्वामी जी की जन्मजयंती 21 अप्रेल को हैं। कहा जाता हैं कि धर्म की संस्थापना करने वाले तथा सज्जन व्यक्तियों की रक्षा के लिए दुष्टों से बचने का मार्ग दिखाने वाले भगवस्वरूप भगवान महावीर स्वामी जी का जन्म उस समय हुआ जब दुष्टों का महत्त्व बढ़ने के कारण केवल दुष्टों की ही प्रतिष्ठा समाज में लगातार बढ़ती जा रही थी। इससे उस समय का जन समाज मन-ही-मन पीड़ित और तंग था क्योंकि इससे दुष्टवादी चेतना सभी जातियों को हीन और मलीन समझ रही थी। कुछ समय बाद तो समाज में यह भी असर पड़ने लगा कि धर्म आडम्बर बनकर सभी जातियों को दबा रहा है। दुष्टजाति गर्वित होकर अन्य जातियों को पीड़ित करने लगी। इसी समय देवीजी की कृपा से भगवान महावीर स्वामी जी ने धर्म के सच्चे स्वरूप को समझाने के लिए परस्पर भेदभाव की गहराई

को भरने के लिए सत्यस्वरूप में इस पावन भारत भूमि पर प्रकट हुए। भगवान महावीर जी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के 13वें दिन पटना से कुछ किलोमीटर दूर बिहार के कुंडलपुर में हुआ था। उस समय वैशाली राज्य की राजधानी मानी जाती थी। उनका जन्म 599 ईसा पूर्व में हुआ था। उनके माता-पिता झ्र राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला ने उनका नाम वर्धमान रखा था। जब महावीर जी 30 वर्ष के हुए, तो उन्होंने सत्य की खोज में अपना सिंहासन और परिवार छोड़ दिया। वह एक तपस्वी के रूप में 12 वर्षों तक निर्वासन में रहे। इस दौरान उन्होंने अहिंसा का प्रचार करते हुए सभी के प्रति श्रद्धा का व्यवहार किया। इंद्रियों को नियंत्रित करने में असाधारण कौशल दिखाने के बाद उन्हें ह्लमहावीरह्व नाम मिला। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि जब महावीर 72 वर्ष के थे, तब उन्हें ज्ञान (निर्वाण) प्राप्त हुआ। श्री सिंह ने आगे बताया कि भगवान महावीर स्वामी जी जब वे 30 वर्ष के हो गए, तो उन्होंने अपनी सारी व्यक्तिगत संपत्ति जरूरतमंद और गरीबों को दान कर दी, शेष संपत्ति को वे अपने घर पर ही छोड़ गए। यद्यपि आपको पारिवारिक सुखों की कोई कमी न थी लेकिन ये पारिवारिक सुख तो आपको आनन्दमय और सुखमय फूल न होकर दु:ख एवं काँटों के समान चुभने लगे थे। आप सदैव संसार की असारता पर विचारमग्न रहने लगे। आप बहुत ही दयालु और कोमल स्वभाव के थे। अत: प्राणियों के दु:ख को देखकर संसार से विरक्त से रहने लगे। इस दौरान उन्होंने बहुत कम खाया और अधिकांशत: उन्होंने बिना कुछ खाए-पिए ही जीवन गुजारा। लोगों ने उन्हें तंग भी किया, परंतु वे शांत रहे। उन्होंने किसी से कुछ नहीं कहा। बहुत वर्षों के ध्यान के बाद इन्हें शक्ति, ज्ञान और आशीर्वाद की अनुभूति हुई। ज्ञान प्राप्ति के बाद, इन्होंने लोगों के वास्तविक जीवन के दर्शन, उसके गुण और जीवन के आनंद से शिक्षित करने के लिए यात्रा की, आपने इस पथ के लिए गुरुवर पार्श्वनाथ का अनुयायी बनकर लगभग बारह वर्षों तक अनवरत कठोर साधना की थी। 42 वर्ष की उम्र में उन्होंने सत्य की खोज कर ही ली। अर्थात उन्हें कैवल्य की प्राप्ति हुई और वे अर्हत या जिन कहलाए। फिर वर्धमान महावीर जी दिगंबर भिक्षु बन गए। उन्होंने बिना किसी मोटरगाड़ी के पूर्वी भारत के विभिन्न प्रांतों की यात्रा की, जो बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा और पूर्वी उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने इन सब स्थानों पर उपदेश दिए। उनके तीन सिद्धान्त, जैन धर्म के तीन रत्न हैं-सम्यक ज्ञान, सम्यक धर्म और सम्यक आचरण। उनके महाव्रत थे-सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। उनका ध्येय था कि हर मनुष्य मोक्ष प्राप्त करे। इस विकट तपस्या के फलस्वरूप आपको सच्चा ज्ञान प्राप्त हुआ। 72 वर्ष की उम्र में जन्म, जरा, आधि और व्याधि के बंधनों से मुक्त होकर महावीर जी अजर-अमर तथा अविनाशी हो गए और जैन धर्म के महान तीर्थांकारों में से एक बन गए, जिसके कारण आज इन्हें जैन धर्म का संस्थापक माना जाता है। उन्होंने वर्षों तक बिहार के उत्तर तथा दक्षिण में अपने मत का प्रचार-प्रसार किया। अनगिनत अनुयायी बन जाने पर इन्होंने लोगों को सदाचार व खान-पान में पवित्रता तथा प्राणीमात्र पर दया करने की शिक्षा दी। आज भी आप अपने धर्म प्रवर्तन पथ पर महान कार्यों से हमारे अज्ञानान्धकार को दूर कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश/उत्तरप्रदेश/बिहार/झारखंड

आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध कर लगभग 2 लाख 80 हजार रुपये की सामग्री जप्त

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रखते हुए आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निदेर्शों के तहत आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इस सबंध में जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे ने बताया अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही हैं' उन्होंने बताया दमोह आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी केशव प्रसाद गांधी द्वारा वृत 'अ' और वृत 'ब' के अंतर्गत आने वाले ग्राम किल्लाई, ग्राम बांसा तारखेड़ा, सागर दमोह बायपास पर परिराज ढाबा के पास और सागर मार्ग पर स्थित मां वैष्णो देवी ढाबा पर अवैध मदिरा के संग्रहण, विनिर्माण, विक्रय विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 50 पाव देशी मदिरा, 40 पाव विदेशी मदिरा, 4 बोतल बीयर, 55 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 2600 किलोग्राम महुआ लाहन विधिवत जप्त किया गया हैं' कुल 9 प्रकरण धारा 34(1) (क) के आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए' जप्त सामग्री के अनुमानित कीमत 2 लाख 80 हजार रुपये हैं। कार्यवाही में वृत हटा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनुरोध सेन, वृत 'ब' प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार गोंड, आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडे, हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया, तपिश हल्वी, अरविंद जाटव, भूपति सिंह एवं महिला आबकारी आरक्षक गीतांजलि गुप्ता, मेघा अहिरवार सहयोगी रहे।

खुले बोरवेल बंद करने की कार्यवाही लगातार जारी जिले के 11 वां खुला बोरवेल हुआ बंद

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निदेर्शों के तहत खुले बोरवेल बंद करने की कार्यवाही लगातार जारी हैं। इसी क्रम में मिशन हॉस्पिटल राय चौराहा दमोह में मेन गेट के अंदर जिले का 11 वां खुला बोरवेल बंद करने की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही आमजन के सहयोग से लगातार जारी हैं।

संबंधित अधिकारी/कर्मचारी अपने मतदान का उपयोग करें, साथ ही अपने कार्य क्षेत्र के सभी मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करें

मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)। मतदाताओं के मतदान केन्द्र तक पहुंचकर मतदान करने हेतु प्रेरित किये जाने बावत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप कमेटियों का निर्धारण किया जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मतदाता केन्द्र पर पहुंचे एवं अपने मत का प्रयोग करें। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा है यह आवश्यक है कि इस प्रक्रिया में संबंधित अधिकारियों के अंतर्गत कार्य करने वाले समस्त स्व-सहायता समूह /आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका/स्वास्थ्य विभाग की आशा, उषा कार्यकर्ता / मनरेगा के मेट और मजदूर/रोजगार सहायक/सेल्स मेन भी सक्रिय भाग लें। इसके लिए अपने मैदानी अमले के माध्यम से यह सुनिश्वित करें कि सभी स्व-सहायता समूह /आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका/स्वास्थ्य विभाग की आशा, उषा कार्यकर्ता/ मनरेगा के मेट और मजदूर/रोजगार सहायक/सेल्स मेन स्वयं तो अपने मतदान का उपयोग करें ही साथ ही मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए अपने कार्य क्षेत्र के सभी मतदाताओं को भी प्रेरित करें। इस दिशा में तत्काल कार्यवाही की जाना सुनिश्चित की जाये तथा की गई कार्यवाही से कार्यालय कलेक्टर निर्वाचन शाखा को अवगत करायें।

संबंधित विधानसभा क्षेत्रातंर्गत आने वाली आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं को अपने स्तर से नियोजित करना सुनिश्चि किया जाये

मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान को सुचारू रूप से संपन्न बनाये जाने के लिए मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस पर मतदाता सहायता केन्द्र (व्ही'स्त्र ऊेर') हेतु विधानसभावार लगभग 1000 बी.एल.ओ. (बूथ लेवल ऑफिसरों) को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा है वोटर अवेयरनेस ग्रुप में बी.एल.ओ. के साथ विधानसभा क्षेत्र 054-पथरिया, 055-दमोह, 056-जबेरा एवं 057-हटा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संबंधित विधानसभा क्षेत्रातंर्गत आने वाली आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं को अपने स्तर से नियोजित करना सुनिश्चि करें।

अभिषेक व्यवस्था समिति का सराहनीय योगदान

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में पहाड़ी पर स्थित पूज्य बड़े बाबा के भव्य विशाल जिनालय में प्रतिदिन प्रातःकाल से भक्तांमर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा, पूजन ,विधान का कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न होता है ।आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालुओं ने पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक कर पुण्य अर्जन किया ।अभिषेक के लिए लंबी कतारें देखी गई और हजारों भक्तों ने प्रतिदिन बड़े बाबा का अभिषेक किया ।अभिषेक के लिए उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुव्यवस्थित अभिषेक कराने में अभिषेक व्यवस्था समिति ने बहुत ही सेवाभाव से व्यवस्था बनाने में योगदान प्रदान किया । अभिषेक व्यवस्था समिति में धार्मिक आयोजन मंत्री अजय निरमा, पंडित अभिषेक जी, पंडित आशीष जी ,सवन सिल्वर, सुलभ बजाज, जय कुमार जैन गोलू ,कुलदीप जैन ,संदीप जैन, सोनू जैन ,जयकुमार जैन पुरावाले, हर्ष जैन नानू ,शशांक सिंघई ,विद्युत जैन ,सुजल जैन, अक्षत सिंघई,आरिन जैन, संयम बमोरया ,हर्ष जैन ,सुयश जैन ,आर्जव जैन ,समय जैन सहित अनेक स्वयंसेवी जनों का सहयोग मिला।

बालरूप हनुमान की साधना से सभी मनोरथ पूण: स्वामी आलोक गिरी

श्री बालाजी धाम, सिद्धबलि हनुमान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, हरिद्वार (विकास कुमार झा)। स्वामी आलोक गिरी महाराज ने कहा कि कलयुग में हनुमान की उपासना सभी मनोरथों को पूर्ण करने वाली है। हनुमान जयंती का दिन बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दिन हनुमान की पूजा के लिए समर्पित है। हनुमान जयंती चैत्र मास के दौरान शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन भगवान हनुमान के बाल रूप की पूजा करने से मनचाहा वरदान प्राप्त होता है। गौरतलब है कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री जगजीतपुर -जमालपुर रोड पर फुटबॉल ग्राउंड के समीप स्थित श्री बालाजी धाम सिद्धबलि हनुमान-नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में श्री हनुमान प्रकटोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक महंत आलोक गिरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार, 22 अप्रैल 2024 को शोभायात्रा के साथ होगी। इसके उपरांत अखंड रामायण पाठ शुरू होगा।अगले दिन मंगलवार 23 अप्रैल 2024 को पूणार्हुति हवन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पुजारी बाबा मनकामेश्वर गिरी महाराज के साथ भक्तों की टोली कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी है।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से निकाली जा रही रैलियां, दिलाई जा रही शपथ

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में स्वीप प्लान के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए अभिषेक जन जागृति समाज कल्याण समिति द्वारा निरन्तर कार्य किये जा रहे है। इसी क्रम में नगर के सिविल वार्ड 5 में मतदाताओं को जागरूक करने स्थानीय लोगो को शपथ दिलाई गई। एमएसडब्ल्यू की छात्रा शिवानी जैन ने बताया कि मतदान 18 साल की उम्र पूरी कर चुके हर नागरिक का अधिकार है और सभी को इसका इस्तेमाल करना चाहिए, शत-प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र मजबूत होगा। लोकतंत्र में जनता सरकार स्वयं चुनती है, इसलिये हमें मतदान अवश्य करना चाहिए, यही मत राष्ट्र को मजबूती प्रदान करता है। 26 अप्रैल 2024 को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिये अपने-अपने क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक करने शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निधि राजपूत, फातिमा परवीन, शिवानी जैन ने नगर के विभिन स्थानों पर शपथ दिलाई।

नारो से जलाई अलख

संस्था द्वारा नगर में जगह-जगह रैली निकाल कर मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान का महत्व बताते हुए मतदान पर केंद्रित नारो से लोगों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित गतिविधियों में संस्था द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं की भी सहभागिता ली जा रही है। संस्था द्वारा सभी से मतदान करने "सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो" के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदान शत प्रतिशत हो इसके लिए "अंकल आंटी मान जाओ, वोट डालने को कसम खाओ", "वोट हमारा है अनमोल कभी ना लेगे इसका मोल", "वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है" आदि स्लोगनों के माध्यम से संस्था द्वारा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया जा रहा है।

कुंडलपुर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर हुये विविध धार्मिक आयोजन

मुनि प्रमाणसागर जी एवं मुनि पवित्रसागर जी आदि मुनिराजो का दीक्षा दिवस मनाया गया

मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के चर्तुविध संघ के मंगल सानिध्य में प्रातः 6:30 बजे प्रभात फेरी श्री जी का पालना भगवान महावीर स्वामी के चित्र के साथ गाजे-बाजे से मानस्तंभ परिसर से प्रारंभ होकर बड़े बाबा मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, मुनि संघ एवं आर्यिका संघ की भी उपस्थिति रही। बड़े बाबा मंदिर में भक्तांमर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन ,महावीर पूजन एवं पूज्य मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए । इस अवसर पर अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य सौभाग्य मल जी राजेंद्र संतोष पुष्पेंद्र रोहन मानस कटारिया परिवार अहमदाबाद ,अनिल कुमार मनोज कुमार मुलायम चंद परिवार ललितपुर ,प्रभात जैन प्रशांत जैन परिवार को प्राप्त हुआ हजारों की संख्या में लोगों ने पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक कर पुन्यार्जन किया। आचार्य श्री की पूजन हुई एवं गुणांयतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज एवं मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ,मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज, निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ,आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए।दोपहर 3:30 बजे श्री जी की शोभायात्रा कुंडलपुर ग्राम का भ्रमण करती हुई निकाली गई।



ज्ञानसाधना केंद्र के सामने अभिषेक पूजन का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया। सायंकाल बड़े बाबा मंदिर में भक्तांमर दीप अर्चना ,पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई ।मानस्तंभ परिसर में रात्रि में पालना झुलाया गया एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के चर्तुविध संघ के मंगल सानिध्य में प्रात: 6:30 बजे प्रभात फेरी श्री जी का पालना भगवान महावीर स्वामी के चित्र के साथ गाजे-बाजे से मानस्तंभ परिसर से प्रारंभ होकर बड़े बाबा मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, मुनि संघ एवं आर्यिका संघ की भी उपस्थिति रही।